केंद्रीय विद्यालय ए एफ एस बागडोगरा

9/10/18

अर्द्ध वार्षिक परीक्षा - 2018-19

विषय - हिंदी

कक्षा- छठवीं

समय : 2.30 घंटे पूर्णांक : 80

सामान्य निर्देश : 1) सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

2) प्रश्न-पत्र को चार खंडों 'क' 'ख' 'ग' और 'घ' में बाँट दिया गया है।

3) विद्यार्थी यथासम्भव अपने ही शब्दों में उत्तर दें ।

खंड 'क'

प्रश्न 1) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5*1= 5

पुस्तकालय हमारे हृदय को विशाल और जीवन को उन्नत बनाता है। यहाँ पुस्तकों की संगति

और सूचनाओं से हमारे मन में ज्ञान के नए-नए फूल खिलते हैं, हमे देश-विदेश की नई-पुरानी बातें सीखने को मिलती हैं। पुस्तकालय में कीमती पुस्तकें भी रहती हैं, जिन्हें साधारण लोग खरीद नहीं पाते।यहाँ कम-से-कम खर्च में कीमती किताबें पढ़ लेते हैं। पुस्तकालय से निरक्षरता और अशिक्षा दूर होती है। पास-पड़ोस के जो लोग दूसरों को पुस्तकालय में पढ़ते देखते हैं, वे भी पढ़ाई की तैयारी करने लगते हैं । इस प्रकार अनपढ़ लोगों को भी लाभ पहुँचता है । कुछ लोग मनोरंजन के लिए भी पुस्तकालय जाते हैं । लेकिन यहाँ का मनोरंजन अध्ययन के आनंद का मनोरंजन है। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि पुस्तकालय मनुष्य के चरित्र का निर्माण करता है और हमें हर तरह से लाभ पहुँचता है ।

(क) पुस्तकालय से आप क्या समझते हैं?

(ख) पुस्तकालय के क्या लाभ हैं ?

(ग) साधारण लोगों के लिए कैसे उपयोगी है ?

(घ) पुस्तकालयों में मनोरंजन कैसे होता है?

(ङ) 'पुस्तकालय' शब्द का संधि-विच्छेद कीजिए ।

प्रश्न 2 : अपठित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए । 5*1= 5

ऊँचा खड़ा हिमालय, आकाश चूमता है।
नीचे चरण तले झुक, नित सिंधु झूमता है।
गंगा यमुना त्रिवेणी, पग पग छहर रही हैं ।

Scanned by CamScanner

झरने अनेक झरते इसकी पहाड़ियों में
चिड़ियाँ चहक रही, हो मस्त झाड़ियों में
वह धर्मभूमि मेरी, वह कर्मभूमि मेरी.
वह जन्मभूमि मेरी, वह मातृभूमि मेरी।
जन्मे जहाँ थे रघुपति, जन्मी जहाँ थी सीता,
श्रीकृष्ण ने सुनाई, वंशी पुनीत गीता।
गौतम ने जन्म लेकर, जिसका सयश बढ़ाया,
जग को दया सिखाई, जग को दिया दिखाया।
वह युद्धभूमि मेरी, वह बुद्धभूमि मेरी।
वह मातृभूमि मेरी, वह जन्मभूमि मेरी।

(क) काव्यांश में किसकी प्रशंसा का गान किया गया है?

(ख) भारत की पुण्य धरती पर कौन-कौन सी मुख्य नदियाँ बहती हैं ?

(ग) इस धरती पर किन महापुरूषों ने जन्म लिया ?

(घ) गौतम ने लोगों को क्या सीख दी ?

(ङ) 'मातृभूमि' से क्या तात्पर्य है?

खंड 'ख'

प्रश्न 3: निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।

1) 'आज अचानक ठंड बढ़ गई।' वाक्य से क्रियाविशेषण छाँटिए। 1
2) 'मारना' से भाववाचक संज्ञा बनाइए। 1
3) 'तुम्हारा नाम बहुत सुंदर है'। वाक्य से गुणवाचक विशेषण छाँटिए। 1
4) 'कपड़ों में मेरी दिलचस्पियाँ मेरी मौसी जानती थीं'। वाक्य से सार्वनामिक विशेषण छाँटिए। 1
5) 'ई' प्रत्यय जोड़कर दो शब्द बनाइए। 1
6) 'गुलाबी' विशेषण के लिए एक संज्ञा शब्द लिखिए। 1
7) 'अ' उपसर्ग से दो शब्द बनाइए। 1
8) 'मुझे दो दर्जन केले चाहिए'। वाक्य से परिमाणवाचक विशेषण छाँटिए। 1
9) सूर्य + अस्त को मिलाकर एक शब्द बनाइए। 1
10) 'हाथों-हाथ लेना' मुहावरे का अर्थ लिखकर एक वाक्य भी बनाइए। 2
11) 'आपस में' शब्दों से एक वाक्य लिखिए। 1
12) 'मोहन ने केला नहीं खाया'। वाक्य को विधिवाचक वाक्य में बदलिए। 1
13) 'तारीफ़' शब्द का अर्थ लिखकर एक वाक्य भी बनाइए। 2

खंड 'ग'

प्रश्न 4 : निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5*1= 5

Scanned by CamScanner

सुबह आठ बजे वह घर से निकल पड़ता | टिकट जमा करने वाले सारे लड़कों के चक्कर लगाता | दो ऑस्ट्रेलिया के टिकटों के बदले एक फिनलैंड का टिकट लेता | दो पाकिस्तान के बदले एक रूस का| बस शाम, जैसे ही घर लौटता, बस्ता कोने में पटककर अम्मा से चबैना लेकर निकर की जेब में भर लेता और खड़े-खड़े कॉफी पीकर निकल जाता | चार मील दूर अपने दोस्त के घर से कनाडा का टिकट लेने पगडंडियों में होकर भागता | स्कूल भर में उसका अलबम सबसे बड़ा था| सरपंच के लड़के ने उसके अलबम को पच्चीस रुपए में खरीदना चाहा था, पर राजप्पा नहीं माना | 'घमंडी कहीं का' राजप्पा बड़बड़ाया था| फिर उसने सीखा जवाब दिया था, "तुम्हारे घर में जो छोटी बच्ची है न, उसे दे दो न तीस रुपए में |"

क) राजप्पा ने अलबम के लिए टिकटें कैसे एकत्रित की ?

ख) सरपंच का लड़का क्या चाहता था ?

ग) सरपंच का लड़का राजप्पा को कितने रुपए देने को तैयार था ?

घ) राजप्पा ने सरपंच के लड़के से क्या कहा ?

ङ) राजप्पा हरदम क्या सोचता रहता ?

प्रश्न 5 : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए | 10

1) लेखिका बचपन में इतवार की सुबह क्या-क्या काम करती थीं ?

2) प्रेमचंद ने इस कहानी का नाम 'नादान दोस्त' रखा | तुम इसे क्या शीर्षक देना चाहोगे ?

3) माँ मोहन के ऐसे-ऐसे कहने पर क्यों घबरा रही थीं ?

4) पाठ में ऐसा क्यों कहा गया है कि अक्षरों के साथ एक नए युग की शुरुआत हुई ?

5) छोटू का परिवार कहाँ रहता था ?

प्रश्न 6: निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर नीचे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए|

एक से एक मिले तो कतरा, बन जाता है दरिया
एक से एक मिले तो जर्रा, बन जाता है सेहरा
एक से एक मिले तो राई, बन सकती है परबत
एक से एक मिले तो इंसाँ, बस में कर ले किस्मत

1) कविता और कवि का नाम लिखिए | 2

2) इस पद्यांश में क्या संदेश दिया गया है ? 2

3) 'सेहरा' शब्द का अर्थ लिखिए | 1

प्रश्न 7 : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए | 10

क) कविता के आधार पर चिड़िया को किन-किन चीजों से प्यार है?

ख) बच्ची के अनुसार चाँद को कौन सी बीमारी है?

Scanned by CamScanner